सार-समाचार

ग्वाल व राजभोग झांकी के दर्शन किए

उदयपुर, (कासं)। आईसीसी चेयरमैन जय शाह एवं पत्नी ऋषिता शाह व मां सोनल शाह ने ग्वाल एवं राजभोग झांकी के दर्शन किए जहां महाप्रभु जी की बैठक में अधिकारी सुधाकर उपाध्याय ने उपरना ओढ़ाकर व प्रसाद भेंट कर समाधान किया।आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने ग्वाल की झांकी पश्चात श्रीजी प्रभु में गोवर्धन पूजा चौक में परिवार सहित किया किया गौदान पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्री नाथ जी की हवेली में शुक्रवार को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने परिवार सहित श्रीजी प्रभु की ग्वाल एवं राजभोग की झांकी के दर्शन किए जहां परंपरा अनुसार मंदिर के अधिकारी जी श्री सुधाकर उपाध्याय ने महाप्रभु जी की बैठक में शाह परिवार का ऊपरना रजाई ओढ़ाकर एवं प्रसाद प्रदान कर समाधान किया । वहीं इससे पूर्व जय शाह ग्वाल की झांकी के पश्चात गोवर्धन पूजा चौक में गौदान किया । इस अवसर पर सहायक अधिकारी अनिल सनाढ्य, तिलकायत श्री के सचिव लीलाधर पुरोहित ,मंदिर के पंड्या जी परेश नागर, पुष्टि प्रचार सहायक अधिकारी महर्षि व्यास, जमादार हर्ष सनाढ्य , कैलाश पालीवाल आदि सैकड़ो जन उपस्थित थे।

बछड़े के साथ कुकृत्य करने वाला धरा

बांसवाड़ा, (निसं)। गढ़ी थाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बछड़े के साथ कुकर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि 4 जुलाई को करण सिंह पुत्र दिपसिंह पंवार निवासी राजपुत मोहल्ला गढ़ी ने रिपोर्ट दी कि मेरे घर में पशुघर बना हुआ है। जिसमें बीती रात एक व्यक्ति ने बछड़े के साथ दुष्कर्म किया और प्रार्थी के जागने पर वह भाग निकला। यह पुरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। इधर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिये। जिस पर एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज एवं वृताधिकारी गढ़ी सुदर्शन पालीवाल के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। इस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान दिनेश पुत्र हजा चरपोटा निवासी सेमलिया के रूप में करते हुए उसे डिटेन कर पूछताछ की तो आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया। जिस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में थानाधिकारी रोहित कुमार, उपनिरीक्षक लक्ष्मणलाल, हैड कांस्टेबल शैलेन्द्र पाटीदार, तनवीर सिंह, कांस्टेबल अखेराम, बालचन्द, लोकेशचन्द्र शामिल रहे। जिनमें हैड कांस्टेबल शैलेन्द्र पाटीदार का विशेष योगदान रहा।

'पॉजिटिव व प्री-एक्टिव रहकर करें कार्य'

उदयपुर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शनिवार को जिला परिषद सभागार में स्टेट रिव्यू मिशन के तहत विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जयपुर से आई टीम ने उदयपुर जिले के विभिन्न ब्लॉकों में एक दिन पूर्व किये किये जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण के आधार पर तैयार प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। प्रमुख शासन सचिव राठौड़ ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने संस्थानों में प्री-एक्टिव रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संस्थानों की कमियों की समय रहते पहचान कर उन्हें दूर किया जाए, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हो। बैठक में जिला कलक्टर नमित मेहता, चिकित्सा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक डॉ मधु रीतेश्वर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य, आरएनटी प्राचार्य डॉ विपिन माथुर, एमबी चिकित्सालय अधीक्षक आर एल सुमन समेत डिप्टी सीएमएचओ, एडिशनल सीएमएचओ, आरसीएचओ, डीटीओ, फूड एवं ड्रग इंस्पेक्टर सहित जिले के सभी बीसीएमओ, डीपीसी, डीपीएम, बीपीएम और चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि अब जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा राज्य स्तर पर तय लक्ष्यों के अनुरूप की जाएगी। बैठक में स्टेट टीम द्वारा उदयपुर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

शोरूम से नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा कस्बे में स्थित शॉरूम से चोर नकरी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित विरेन्द्रसिंह पुत्र जसवन्तसिंह राजपूत गोगुन्दा ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 3 जुलाई रात में अज्ञात चोर कस्बे में स्थित ललित मोटर्स के पिछवाड़ो में स्थित दिवार कूद कर अंदर घुस कर चोर 2 लाख 79 हजार 161रूपये नकदी चुरा ले गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की।

62 भेड़ें चुरा ले गये बदमाश

उदयपुर, (कासं)। खेरोदा थाना क्षैत्र से अज्ञात बदमाश रेवड से 62 भेडें चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली हिंगोला तखतगढ निवासी वजाराम रेबारी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि एमपी से सलूम्बर, भीण्डर रोड़ सीहाड के समीप रात्री विश्राम किया था। इस दौरान अज्ञात चोर3 जुलाई रात में रेवड़ से62 भेडे चुरा ले गए। दूसरे दिन गिनती करने पर इसका पता चला। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

महिला ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। खेरोदा थाना क्षैत्र में महिला ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेरोदा थाना क्षैत्र बाठेड़ा खुर्द निवासी जयाकुमारी (26) पुत्री रमेशचन्द्र मैनारिया ने शुक्रवार सांय अपने पिता के मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल महेन्द्र ढाका ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। जयाकुमारी की फरवरी 25 में खरसाण निवासी विपुल मैनारिया से शादी हुई थी। जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं होने से गत दिनों से वह अपने पिता के घर पर रह रहती थी।

धोखे से नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पीडित से नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित महेन्द्र पुत्र शंकरलाल लखारा निवासी फलासिया झाड़ोल ने आरोपी मदन, देवीसिंह, रेश खारीवाल, चन्दनसिंह व सरदारसिंह पुत्र भेरूसिंह, तितरडी निवासी जोरावरसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 1986 से 2011 तक आरोपियों ने तितरड़ी स्थित भूखण्डों का विक्रय इकरार किया। इस दौरान मुझे आरोपी जारावरसिंह नेभूखण्ड बेचा बदले में 26 लाख रूपये का भुगतान किया। रूपये लेने के बावजूद आरोपी ने मौके पर कब्जा नहीं दिया। इसको लेकर संपर्क करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

सज्जनगढ़ वाले बाबा का उर्स सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। शहर के सज्जनगढ पर दरगाह सज्जनगढ वाले बाबा के उर्स के चलते शुक्रवार को दोपहर नमाजे जुम्आ की बाद दरगाह कमेटी गंज शहिदा सरकार अम्बावगढ के मौलाना बाबुल हुसैन, सदर कमेटी गुलाम मोइनुद्दी कादरी राजा भाई, इरफान छुन्नु भाई, मोहम्मद इकबाल भाई, साहिल शेख, बिलाल, मोहम्मद रईस, समदानी, राफेअ, दरगाह के खिदमतगुजार मेहमूद खान सहित कमेटी के मेम्बरान व शहर के भर के कई लोग मौजूद रहे। उर्स के चलते शनिवार को प्रात: से ही शहर के भर के लोग पैदल ही आस्तानाए आलिया पर पहुंचने लगे और दरगाह चादर शरीफ, फुल व इत्र पेश किए। मन्नत पूरी होने से पर लोगों ने तर्बरूक वितरित किया। यह जानकारी गुलाम मोइनुद्दीन कादरी ने दी।

उपचार के दौरान दम तोड़ा

उदयपुर, (कासं)। कुराबड़ थाना क्षैत्र डांगियों की भागल रोड़ पर बाइक से गिरने पर घायल फिला निवासी नेहा कुंवर पत्नी महेन्द्रसिंह की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई।

स्कूल का निरीक्षण कर विद्यार्थियों का अधिगम स्तर जांचा

बांसवाड़ा, (निसं)। शिक्षा विभाग एक तरफ कई कवायदे कर रहा है कि बच्चों का स्कूल में नामांकन और ठहराव हो और इसके लिये कई अभियान भी चलाये जा रहे हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की दयनीय हालत का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि राउमावि चिड़ियावासा में 30 कार्मिकों में से मात्र 3 कार्मिक ही मिले वहीं प्रधानाचार्य सहित शेष कार्मिक एवं बच्चे भी नदारद मिले।

यह मामला तब उजागर हुआ जब शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिये संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं की प्रगति व शासकीय निर्देशों की फील्ड स्तर पर क्रियान्विति व पालना के लिये प्रभावी पर्यवेक्षण और प्रबोधन के लिये शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा, शिक्षा एवं पुस्तकालय एवं पंचायती राज प्रारंभिक शिक्षा की ओर से नियुक्त जिले की प्रभारी अधिकारी सीमा गीतेश ने जिला शिक्षाधिकारी शफब अंजुम के साथ तलवाड़ा ब्लॉक के राउमावि चिडियावासा, घाटोल ब्लॉक के राउप्रावि मचारपाडा, राउमावि मूंगाना, राउमावि बस्सी आडा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गनोड़ा, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गनोड़ा, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लोहारिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राउमावि चिडियावासा में प्रात: 7.40 पर 30 में से 3 कार्मिकों को छोड़कर प्रधानाचार्य सहित शेष कार्मिक एवं बच्चे नदारद मिले। जिस पर जिला प्रभारी ने जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक को अनुपस्थित कार्मिकों को विभागीय नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी अधिकारी ने स्टाफ को कार्यशैली में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिये। राउमावि बस्सीआडा के न्यून बोर्ड परीक्षा परिणाम के कारणों की प्रधानाचार्य जमनालाल खराड़ी सहित स्टाफ के साथ समीक्षा करते हुए वर्तमान सत्र में बेहतर परिणाम के लिये सत्रारंभ से ही कार्य योजना बनाकर उसे विद्यालय में लागूकर, सतत मॉनिटरिंग करने के लिये निर्देशित किया गया। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय लोहारिया में विद्यालय की शैक्षिणक व सह शैक्षिक गतिविधियां बेहतर मिलने पर जिला प्रभारी ने प्रधानाचार्य अल्पेश जैन सहित स्टाफ के कार्यों की सराहना की। राउमावि मूंगाना में नामांकित छात्रों की तुलना में छात्रों की न्यून उपस्थित पर प्रधानाचार्य प्रियंका डामोर को विद्यालय समय में छात्रों का ठहराव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला प्रभारी अधिकारी व डीईओ ने निरीक्षण के दौरान विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के विद्यालयो में संचालन, उनके क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये। प्रभारी ने विद्यालय में नामांकन वृद्धि योजना, उसकी प्रगति, आधार जनाधार प्रमाणीकरण स्थिति, छात्रों को उच्च कक्षा में प्रमोट करने की स्थिति, अपार आईडी बनने की प्रगति, निशुल्क पाठयपुस्तक प्राप्ति व छात्रों को वितरण, पोर्टल पर दर्ज करने की स्थिति, वर्क बुक वितरण, परीक्षा परिणाम उन्नयन के लिये कार्य योजना, संस्थापन विवरण, विद्यालय परिसर की साफ सफाई, प्रधानमंत्री पोषण निर्माण शक्ति योजना, पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के तहत मीनू अनुसार बनाए गए भोजन की गुणवत्ता , खाद्यान्न व पाउडर मिल्क के रखरखाव, भंडारण की स्थिति, समस्त प्रकार के रिकॉर्ड संधारण का अवलोकन कर निर्देश दिये।

- चिड़ियावासा में 30 में से मात्र 3 कार्मिक मिले, बच्चे भी नदारद



बांसवाड़ा में राजकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के अधिगम स्तर की जांच करती प्रभारी अधिकारी सीमा गीतेश व जिला शिक्षाधिकारी शफब अंजुम।

पीएमसीएच चेयरमैन ने हर्षिता का कराया कॉकलियर इम्प्लांट

उदयपुर, 5 जुलाई । कभी न बोल पाने और न सुन पाने की मजबूरी में जी रही 4 वर्षीय हर्षिता अब जल्द ही अपनी माँ को माँ कहकर पुकार सकेगी। हर्षिता जन्म से ही सुनने और बोलने में अक्षम थी। उसकी मां भी जन्मजात गूंगी और बहरी हैं। लेकिन अब एक नेक पहल ने उनकी ज़िंदगी की दिशा ही बदल दी है। और इस बदलाव के पीछे हैं पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल है जिन्होंने मानवता को अपनी प्राथमिकता बनाया है।

पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने इस मासूम बच्ची का नि:शुल्क कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी करवाकर एक असंभव से लगने वाले सपने को साकार कर दिखाया है। इस सर्जरी को अंजाम दिया पेसिफिक हॉस्पिटल के ईएनटी विभाग की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.ऋचा गुप्ता,कॉकलियर इम्प्लांट सर्जन डॉ.एस.एस.कौशिक एवं कॉकलियर इम्प्लांट मेन्टर सर्जन डॉ.एस.पी.दुबे जो कि इस ऑपरेशन को करने के लिए विशेषरूप से भोपाल से आए एवं टीम ने। ईएनटी विभाग के डॉ.एस. एस.कौशिक ने बताया कि हर्षिता का कॉकलियर इम्प्लांट हाल ही में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ है। अब 21 दिन बाद जब इस इम्प्लांट को स्विच ऑन किया जाएगा, तो वह पहली बार इस दुनिया की आवाज़ों को सुन सकेगी। डॉ.कौशिक ने स्पष्ट किया कि नियमित स्पीच थैरेपी और ट्रेनिंग के जरिए वह कुछ महीनों में बोलने भी लग जाएगी। इस ऑपरेशन से हर्षिता ही नहीं, उसकी मां की आंखों में भी उम्मीदों की नई चमक आई है। राहुल अग्रवाल ने बताया कि जब हमें पता चला कि बच्ची और उसकी मां दोनों ही बोल और सुन नहीं सकते, तो हमने तुरंत निर्णय लिया कि इस बच्ची की मदद की जाएगी।

पेसिफिक के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने चार वर्षीय हर्षिता का नि:शुल्क कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी करवाई।

नेशनल हाईवे 8 पर दिखा अजगर

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 8 पर शुक्रवार देर रात उस समय हडकंप मच गया जब डिवाइडर के पास एक विशाल अजगर सडक पर रेंगता हुआ दिखाई दिया। राहगीरों ने तुरंत इस बात की सूचना वन विभाग की रेस्क्यू टीम और गश्ती दल राजसमंद के रेंजर सत्यानंद गरासिया को दी। सूचना मिलते ही रेंजर गरासिया ने वन्यजीव प्रेमी पन्नालाल कुमावत को मौके पर भेजा। कुमावत जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अजगर सडक पर चल रहा था और लोग उसे बचाने के लिए सडक पर बीच-बचाव कर रहे थे, ताकि कोई वाहन उसे कुचल नहीं दे। वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया। उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अजगर को बाद में सुरक्षित जंगल में छोड दिया गया। इस घटना ने एक बार फिर वन्यजीवों के आबादी वाले क्षेत्रों में आने की संभावना को उजागर किया है, खासकर हाईवे जैसे इलाकों में जहां खतरा ज्यादा होता है।

चिकित्सालय से नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। पारस चिकित्सालय में लॉकर तोड़ कर चोर लाखों की नकदी चुरा ले गया। जानकारी के अनुसार पीडिता पुजा पुत्री सागरमल मेहता निवासी ओसवाल नगर सुन्दरवास प्रतापनगरी ने थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 28 जुलाई को अज्ञात चोर शौभागपुरा स्थित पारस चिकित्सालय में फ्रंट ऑफिस डिपार्टमेंट में लगे लॉकर को तोड़ कर 18लाख78हजार468 रूपये चुरा ले गया।

सांवलिया जी सेठ को धराया छप्पन भोग

मंडफिया, (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में छप्पन भोग धराया गया।

जानकारी के अनुसार सांवलिया जी भक्त पदमेला निवासी हाल मंडफिया मोहन सिंह चौहान पिता बाबू सिंह चौहान की ओर से भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, सूखे मेवे एवं विभिन्न प्रकार के फलों का छप्पन भोग धराया गया। इस मौके पर मंदिर पुजारी ने सभी को तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। इससे पहले सांवलिया भक्त मोहन सिंह अपनी होटल रेस्टोरेंट से परिवार सहित बैंड बाजे के साथ कस्बे में भव्य छप्पन भोग का जुलूस निकाला गया। जुलूस में भक्तजन छप्पन भोग को सिर पर एवं हाथों में लिए नाचते-गाते व जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। छप्पन भोग जुलुस विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए मंदिर पहुंचा। सांवलिया भक्त मोहन सिंह ने छप्पन भोग के साथ सोने - चांदी एवं नगदी भी भेंट की। भक्त की ओर से भगवान को नोटों की माला व पोशाक भी भेंट की गई। इस कार्यक्रम में जीवन सिंह गोपाल सिंह, भानु सिंह, आशु सिंह, भगवान सिंह आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर के तहत लघु उद्योग से महिलाएं बनी उद्यमी

उदयपुर/राजसमंद, (कासं)। हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर के तहत् विभिन्न परियोजनाएं चलायी जा रही है जिनमें लघु उद्योगों को बढाना देना प्रमुखता से है। विगत 5 वर्षो में दो महिला उद्योग स्थापित किये गये जिसमें महिलाएं उद्यमी बनकर उभरी है। अगस्त 2021 में स्थापित महिला-स्वामित्व और महिला-नेतृत्व वाला सामाजिक उद्यम, सखी उत्पादन समिति ग्रामीण राजस्थान की महिलाओं के जीवन में एक बडा बदलाव ला रहा है। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम, सखी पहल से शुरू की गयी यह समिति, 30 हजार से अधिक महिलाओं को 2 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों में संगठित कर सशक्त बना रही है। इन समूहों ने सामूहिक रूप से 18.8 करोड़ की बचत की है और 100.6 करोड रूपयें से अधिक के ऋण प्राप्त किए हैं, जिससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता मिली है।

चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के निकटवर्ती गांव की मोना साल्वी टेक्सटाइल यूनिट, चंदेरिया में कार्यरत है। वह कहती है कि मैं पहले दूसरों से बात करने में भी हिचकिचाती थी। अब मैं समूह में आत्मविश्वास से बोल सकती हूँ। एक दिन, मैं अपना कुछ शुरू करना चाहूँगी। कुछ साल पहले, यह जीवन कल्पना से परे था अब, मैं चुपचाप घर बैठने की कल्पना भी नहीं कर सकती। मैंने इतना कुछ हासिल किया है, मैं चाहती हूँ कि अन्य महिलाओं को भी इसका अनुभव करने का अवसर मिले।

जिंक ने सखी समूहों की आय सृजन को प्राथमिकता समझते हुए सखी के उत्पादों को बेचने के लिए स्थानिय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बिक्री और बाजार से जोडा है ताकि सखी महिलाओं के बने उत्पाद सीधे बाजार में पहुंचे। सखी उत्पादन समिति के तहत दो मुख्य ब्रांड हैं। दायची यह ब्रांड पारंपरिक तरीकों और प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर तैयार किए गए शुद्ध और केमिकल-मुक्त खाद्य उत्पाद जैसे घी, अचार, कोल्ड-प्रेस्ड तेल, मसाले और नमकीन प्रदान करता है, जो सीधे किसानों से प्राप्त होते हैं। दूसरा ब्रांड उपाया जिसमें पारंपरिक राजस्थानी हैंड-ब्लॉक प्रिंट और प्राकृतिक रंगों को समकालीन डिजाइनों के साथ मिलाकर आरामदायक, कार्यात्मक और किफायती परिधान बनाए जाते हैं। डिजायनर कपडे, बेग, होम डेकोर को आमजन द्वारा पंसद किया जा रहा है। सखी उत्पादन समिति ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर देने और उन्हें गरिमा के साथ कमाई करने में सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कई महिलाएं, जिन्होंने पहले कभी घर से बाहर काम नहीं किया था, अब अपने परिवारों और समुदायों में आदर्श बन गई हैं। वे अपनी कडी मेहनत और समर्पण से सामाजिक बाधाओं को तोड रही हैं और अन्य महिलाओं को बडे सपने देखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। वर्तमान में, राजस्थान और उत्तराखंड में स्थित 14 उत्पादन इकाइयों जिनमें 8 कपडा और 6 खाद्य इकाइयाँ संचालित है एवं 200 से अधिक महिलाएँ कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त, 100 से अधिक बिजनेस सखी ग्रामीण बिक्री एंबेसेडर के रूप में कार्यरत हैं, जो आस-पास के गाँवों और कस्बों में हस्तनिर्मित उत्पाद बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करती हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, इन बिजनेस सखियों ने सामूहिक रूप से 39.5 लाख कमाए एवं सखी उत्पादन समिति ने 2.31करोड का राजस्व दर्ज किया, जो महिलाओं की आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव दर्शाता है। हिन्दुस्तान जिंक ग्रामीण महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड कर उन्हें उद्यमी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हिन्दुस्तान जिंक अपने सामाजिक सरोकार के तहत महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए विगत 7 वर्षो से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का स्वंय सहायता समूह बनाकर उनक रूचि एवं आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण देकर समाज में अपनी अलग ही पहचान दिलाने का अनुठा प्रयास कर रहा है। 2023 में, सखी उत्पादन समिति ने अपना पहला ऑनलाइन बाजार हार्ट्स विद फिंगर्स लॉन्च किया, जो ग्रामीण महिलाओं और किसानों को सीधे उन ग्राहकों से जोडता है जो प्रामाणिक, हस्तनिर्मित उत्पाद पसंद करते हैं। यह प्लेटफॉर्म उद्यमों को व्यापक बाजारों तक पहुँचने में मदद करता है। पिछले साल, अमेजन पर दायची उत्पादों के लॉन्च के साथ बडी सफलता मिली। इससे उत्पादों की उपलब्धता बढी और उनके प्रदर्शन में सुधार हुआ - गाय का घी गौयम को अमेजन्स चोइस बैज मिला, जबकि आम का अचार बेस्टसेलर बन गया है। सखी उत्पादन समिति चित्तौडगढ के मूंगा खेडा गांव में ऑयल प्रेसिंग यूनिट संचालित है जो कि अचार और नमकीन के निर्माण में रॉ मटेरियल पर नियंत्रण सुनिश्चित करने, उत्पादन लागत को कम करने तथा बाजार की मांग को पूरा करने की दिशा में अगला कदम है।

सार-समाचार

हमला करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने नगर निगम कर्मचारी पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। इस दौरान भागने के प्रयास में गिरने पर दो बदमाश चोटिल हो गए। प्रकरण के अनुसार3जुलाई को पीडित होमगार्ड जवान लेखराज नकवाल पुत्र सुखलाल नकलवा निवासी कच्ची बस्ती भोपामगरी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि रात में आठ बजे मेरा पुत्र हरिश नकलवाल गाडी में सेक्टर 3 पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवा कर लौट रहा था। इस दौरान पिछे से आई दो कारों में सवार रितिक चौहान, प्रवीण सालवी, विक्की, रिषभ गुर्जर व साथियों ने चाकू से हमला कर दिया। चिल्लाने पर हमालवर फरार होने पर लोगों ने हरिश को निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इस मामे में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृतव में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए ऋतिक जीनगर पुत्र अशोक कुमार निवासी नीमच माता स्कीम देवाली अम्बामाता, प्रवीण सालवी पुत्र वैणीराम सालवी निवासी सुभाषनगर भुपालपुरा, ऋषभ गुर्जर पुत्र रामचन्द्र गुर्जर निवासी नीमच माता स्कीम देवाली तथा आयुष्मानसिंह उर्फ विक्की पुत्र गब्बरसिंह राजपूत निवासी सुभाषनगर भुपालपुरा को गिरफ्तार किया। ऋतिक जीनगर अम्बामाता पुलिस थाने का एवं भुपालपुरा पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर प्रवीण सालवी व दो अन्य साथियों को जयपुर से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस कार्यवाही को देख भागते समय ऋतिक व प्रवीण दोनों खाई में कूद गये थे। जिसके चलते दोनों चोटिल हो गए। प्रवीण के खिलाफ 12, आयुष्मान के खिलाफ 4, ऋतिक के खिलाफ 11, ऋषभ गुर्जर के खिलाफ एक अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों का सम्मान

राजसमंद, (निसं)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से जन्मजयंती तक मनाए जा रहे पखवाडे के अंतर्गत शनिवार को आपातकाल के दौरान जेल गए मीसाबंदियों के परिवारजन स्वर्गीय सुंदर पालीवाल की धर्मपत्नी बीना पालीवाल, मदन सहलोत की धर्मपत्नी मधुदेवी सहलोत, स्व.रोशन चोरडिया के पुत्र जगजीवन चोरडिया, स्व.श्रीकृष्ण चौधरी के पुत्र रमाकांत चौधरी, राधेश्याम टेलर के पुत्र संजय टेलर, स्व. बालकृष्ण पालीवाल के पुत्र महेश पालीवाल का भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके घर जाकर इकलाई ओढाकर व प्रभु श्रीराम की छवि और श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

RAJASTHAN COLLEGE OF AGRICULTURE
MAHARANA PRATAP UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY
GURU GOVIND SINGH MARG, UDAIPUR 313001
Tel. 0294 2418976, 2417835 (O), Em:deanrcaudr@yahoo.com
No.MPUAT/RCA/Acctts/OT/2025-26/NIB-19 Dated: 05.07.2025
NIT No.: RCA/NIT/2025-2026 /NIB-19
Sealed offline bids are invited up to **12:30 PM of 19.07.2025** in respect of the following tenders/bids: **(i) Bid No. RCA,"Supply of Chick Feed".** Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our websites **www.mpuat.ac.in** or the website of State Public Procurement Portal website **www.sppp.rajasthan.gov.in** may be obtained or downloaded on payment of Rs. 500/- in demand draft/online.
DEAN, RCA

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला- राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526
क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/8466 दिनांक : 1/7/2025
-:आपत्ती सूचना:-
एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस(कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री कमलेश कुमार लोढा पिता श्री सुन्दर लाल लोढा, निवासी- महावीरपुरा,नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या -01, क्षेत्रफल-2147 वर्गफिट, कृष्णा कॉलोनी फेज-2, गौरव पथ भलावतो का खेडा, नाथद्वारा	आवासीय भूमि	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-02	30 फिट रोड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला- राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526
क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/8478 दिनांक : 1/07/2025
-:आपत्ती सूचना:-
एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री मदन मोहन त्रिपाठी पिता श्री श्याम सुन्दर त्रिपाठी निवासी-सुन्दर विलास के सामने, वल्लभपुरा, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या -1169 वर्गफिट, सुन्दर विलास के सामने वल्लभपुरा,नाथद्वारा	आम रास्ता	रास्ता व श्री नारायण जी भेटिया का मकान	श्री नन्दलाल जी त्रिपाठी का मकान	रास्ता वल्लभपुरा

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
विधि/वसूली विभाग, मंडल कार्यालय, उदयपुर
एलआईसी भवन, तीसरा तल, सबसिटी सेन्टर, रेती स्टेण्ड के पास, उदयपुर
फोन नंबर: 0294-